तापमान
अधिकतम 43 .2 डिग्री
न्यूनतम 24 .7 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई, 2025

11 पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी


12 क्लॉथ मार्केट में जर्जर बिल्डिंग बनी खतरे का कारण


*रौब दिखाकर लोगों से वसूली करने के आरोपित पुलिस अधिकारी की नौकरी पर गहराया संकट*

# महम थाना एसएचओ सत्यपाल सिंह सस्पेंड, एएसपी ने शुरू की जांच, बरामद करने हैं रिश्वत के 15 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सैमाण गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार व पूर्व पंचायत समिति सदस्य किताब सिंह को हड़काने के बाद चर्चा में आए महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह की नौकरी पर संकट के काले बादल मंडराने लगे हैं। जनप्रतिनिधियों पर आग बबूला होना उनको भारी पड़ गया, क्योंकि अखबारों की सुर्खियां बनने के बाद एसएचओ के खिलाफ एक माहौल बनना शुरू हो गया और उनके रौब से डरे बैठे लोगों में फुसफुसाहट शुरू हो गई और वे लोग सामने आने लगे जिनसे एसएचओ ने रिश्वत ली थी।

रिश्वत के मामलों की सुगबुगाहट महम के डीएसपी संदीप कुमार, आईजी वाई पूर्ण कुमार और एसपी नरेंद्र बिजराणिया तक भी पहुंच गई। पुलिस के आला अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लिया और जांच शुरू कर दी। इस पूरे मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शशि शेखर कर रहे हैं।

### किसानों ने भी दुर्व्यवहार की शिकायत दी

सैमाण गांव के किसानों ने दुर्व्यवहार की शिकायत महम के डीएसपी को दी थी। वह भी जांच चल ही रही थी। साथ ही साथ उच्च अधिकारियों ने एसएचओ के खिलाफ सबूत जुटाने शुरू कर दिए। चर्चा शुरू हो गई कि चकबंदी में निंदाना गांव के किसानों से आपसी विवाद में भी पैसे लिए गए थे, लेकिन सबसे बड़ा आधार बना महम के एक व्यक्ति से 15 लाख रुपये की रिश्वत का मामला। एक व्यक्ति को एक गिरोह द्वारा हन्नी ट्रैप में फंसाया गया। उसके बाद एसएचओ ने केस में फंसाने का डर दिखाकर 15 लाख रुपये ले लिए। अब इस बात की जांच हो रही है कि हन्नी ट्रैप के इस मामले में एसएचओ ने कितने रुपये लिए और महिला ने कितने रुपये लिए। पिछले तीन दिन से महम निवासी वह व्यक्ति रोजाना पुलिस अधिकारियों के पास जांच में शामिल होने के लिए रोहतक जा रहा है। अधिकारी उनसे पूरे प्रकरण के बारे में विस्तार से पूछताछ कर रहे हैं।

### चार दिन पहले आईजी ने किया था निरीक्षण

रोहतक के आईजी वाई पूर्ण कुमार ने चार दिन पहले महम थाने का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों से थाने की कार्यप्रणाली से संबंधित पूछताछ की थी। बताते हैं कि आईजी कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गए थे। जिस तरह से महम थाने के पूर्व एसएचओ सत्यपाल सिंह की जांच चल रही है, उससे लगता है कि उनकी नौकरी पर संकट के काले बादल छा सकते हैं। यदि जांच में दोषी पाए गए तो उनसे रिकवरी भी हो सकती है और पुलिस केस भी हो सकता है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 जून से रजिस्ट्रेशन का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन (डी.बी.ए.), के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 33वीं जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता 1 जून से शुरू होकर 4 जून तक चलेगी। डीबीए के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता एसआरएस पब्लिक स्कूल में होगी। प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 30 मई निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता में लगभग 400 खिलाड़ी हिस्स लेंगे। चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मदवि की खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल करेंगी।

### ये मुकाबले होंगे

यशपाल पंवार ने बताया कि इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर ओपन आयु वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे।

## 197 बसों को भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम के लिए लगाया

# आज यात्रियों के लिए नहीं चलेंगी रोडवेज की बसें, सभी गाड़ियां पहरावर जाएंगी

*होगी परेशानी*

- लोगों को कहीं आना-जाना हो तो निजी या प्राइवेट वाहनों का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पहरावर में शुक्रवार को राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के लिए रोहतक डिपो ने भी अपनी तैयारी की है। डिपो की सभी 197 बसें पहरावर कार्यक्रम के लिए चलाई जाएंगी, जो पहरावर आने-जाने वाले लोगों के लिए ही होंगी। यानी शुक्रवार को रोडवेज की बसें डिपो पर आने वाले यात्रियों के लिए नहीं चलेंगी। इससे दैनिक यात्रियों को परेशानी होगी। इसलिए कहीं आना-जाना हो तो निजी या प्राइवेट वाहनों का प्रयोग करें। बता दें कि रोहतक डिपो में कुल 197 बसें हैं, इनमें 102 बसें डिपो और 95 बसें आरटीए के तहत आती हैं। पहरावर के लिए सभी जिलों से बसों का प्रबंध किया गया है। रेवाडी से 50 बसें व 20 बसें फतेहाबाद से भी मंगवाई गई हैं। रोडवेज महाप्रबंधक विपिन शर्मा को इस पूरी व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस बस व्यवस्था के चलते डिपो से संचालित होने वाले नियमित रूट प्रभावित होंगे, जिससे आम यात्रियों को बसें न मिलने के कारण परेशानी होगी। परिवहन विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक परिवहन साधनों की योजना पहले से बना लें। रोडवेज की ये बसें न केवल लोगों को पहरावर कार्यक्रम स्थल तक लेकर जाएंगी, बल्कि उन्हें गंतव्य तक भी वापस छोड़ेंगी।

### छुट्टी पर गए कर्मचारियों को वापस बुलाया

रोडवेज डिपो से जिन कर्मचारियों, चालक व परिचालकों ने छुट्टीयां ले रखी थी, उन्हें ड्यूटी पर वापस बुला लिया गया है, ताकि लोगों को जयंती में आने जाने के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं झेलनी पड़े। अन्य डिपो से भी रोहतक डिपो में बसें पहुंच चुकी है।

### महाप्रबंधक विपिन शर्मा बनाए गए नोडल अधिकारी

रोडवेज डिपो के महाप्रबंधक विपिन शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे ही बसों की हर व्यवस्था को संभालेंगे। यात्रियों को लाने और ले जाने के लिए सभी से समन्वय करेंगे। सोनीपत में एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जहां से सभी व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी जाएगी।

### बसें पहुंच चुकी हैं

सभी ड्यूटी सुनिश्चित कर दी गई हैं। बसें अन्य डिपो से भी पहुंच चुकी हैं। किसी भी तरह की अव्यवस्था नहीं होने दी जाएगी। बसें जयंती में जाएंगी तो रूट भी प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में यात्रियों को अपनी वैकल्पिक व्यवस्था करना जरूरी है। हालांकि अन्य डिपो से बसों का संचालन भी जारी रहेगा।

*-हंसराज सिंह, संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो, रोहतक*

## लाखन माजरा के युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया



**रोहतक।** सीआईए-1 की टीम ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि बाईपास पुल के नीचे खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुशील उर्फ शीलू निवासी लाखनमाजरा के रूप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना आईएमटी में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

# मोखरा के गवर्नमेंट स्कूल की दो छात्राओं को डीसी ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा में मोखरा गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दो छात्राओं को डीसी धर्मेंद्र ने सम्मानित किया। दोनों छात्राओं अन्नु और सोनी ने 500 में से 469 अंक लेकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। डीसी ने स्कूल स्टाफ व खंड शिक्षा अधिकारी के साथ दोनों छात्राओं को रोहतक बुलाकर प्रशंसा पत्र दिए। जिला उपायुक्त धर्मेंद्र और प्रिंसिपल बबीता शर्मा ने छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी, डीपीसी, महम की खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल, प्रिंसिपल बबीता शर्मा और शिक्षा विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे।




**महम।** छात्राओं को सम्मानित करते डीसी धर्मेंद्र।

# छुट्टी पर आए आर्मी जवान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, 9 दिन पहले ही पिता बने थे अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव बसंतपुर में छुट्टी पर घर आए सेना के जवान की ट्रेन हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 34 वर्षीय अमित के रूप में हुई है, जो 2011 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और लांस नायक के पद पर कार्यरत थे। आर्मी के जवानों ने अंतिम संस्कार में पहुंचकर शहीद अमित को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अमित 9 दिन पहले ही पिता बने थे। बता दें कि अमित 17 मई को छुट्टी लेकर अपने घर आए थे और 1 जुलाई को वापस ड्यूटी पर लौटने वाले थे। कुछ ही दिन पहले उनके घर एक बेटे ने जन्म लिया था और परिवार में खुशियों का माहौल था। मंगलवार को बेटे का पीलिया (नाना-मामा द्वारा दिया जाने वाला पहला तोहफा) आने वाला था, जिसकी तैयारियां जोरों पर थीं।



मृतक अमित का फाइल फोटो

मिठाई और कपड़े भी खरीद लिए गए थे, लेकिन मंगलवार सुबह ढाई बजे अचानक एक हादसे ने सारी खुशियों को मातम में बदल दिया। जांच अधिकारी एएसआई सुनीता बल्हारा ने बताया कि रात करीब ढाई बजे सूचना मिली कि बसंतपुर गांव के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि अमित रेल लाइन पार कर रहे थे, इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आ गए।

### नवजात ने देखा भी नहीं पिता का चेहरा

दर्दनाक पहलू यह है कि अमित के नवजात बेटे ने जन्म के 9 दिन बाद ही अपने पिता को खो दिया। वह अपने पिता का चेहरा तक नहीं देख पाया। गांव में हर कोई इस घटना से स्तब्ध है। शहीद अमित की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

### अंतिम विदाई में उमड़ा गांव

अमित की अंतिम विदाई में गांववासियों और सेना के जवानों ने गमगीन माहौल में श्रद्धांजलि दी। गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अमित की वीरगति को सलाम करते हुए हर किसी की आंखें नम हो गई।






## खबर संक्षेप

### विधायक ने बढ़ते अपराध पर उठाए सवाल

**बहादुरगढ़।** शहर में आपराधिक वारदात तथा नशीले पदार्थ की बिक्री बढ़ रही है। पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने बढ़ती वारदातों पर चिंता जताते हुए मौजूदा कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि बहादुरगढ़ में कानून व्यवस्था का बिलकुल दिवाला निकल चुका है। जून ने कहा कि क्षेत्र में आए दिन हत्या, चोरी, लूटपाट, छीना झपटी की वारदात हो रही हैं। अपराधियों के मन में कानून का डर खत्म हो गया है। जिसके चलते अपराधी खुलेआम अपराध को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस भी अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

### भैंसरु खुर्द के पास तेल चोरी का प्रयास

**सांपला।** भैंसरु खुर्द के पास अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तेल की पाइपलाइन में वाल लगाकर तेल चोरी करने का प्रयास किया। पुलिस ने हिसार निवासी कृष्ण कुमार के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया कि भैंसरु खुर्द के पास खेतों से तेल की पाइपलाइन गुजरी हुई है। मंगलवार की रात को ड्यूटी पर तैनात विकास व अनिल ने देखा की लाइन में एक वाल लगी हुई थी। जिससे अंदेशा है कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा तेल चोरी का प्रयास किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरूकर दी।

### न्यू एमजीएम स्कूल में समर कैंप 1 से 15 तक

**रोहतक।** शास्त्री नगर स्थित न्यू एमजीएम स्कूल में समर कैंप कार्यक्रम का आयोजन 1 जून से 15 जून तक किया जाएगा। सुशीला सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम में ढोलक, तबला, क्लासिकल संगीत, डांस अन्य वाद्य यंत्र तथा ड्राइंग, पेंटिंग सिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी भी उम्र के व्यक्ति इसमें भाग ले सकते हैं। इसके लिए रजिस्ट्रेशन 25 मई से शुरू कर दिए गए हैं।

### 212 ग्राम गांजे सहित एक आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** एंटी नार्कोटिक सैल ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएनसी टीम को सूचना मिली थी कि बहादुरगढ़ के शास्त्री नगर में रहने वाला हरदीप नशले पदार्थ की तस्करी करता है। फिलहाल वह इसी मंशा से नजफगढ़ फ्लाईओवर के पास है। इस सूचना पर टीम वहां गई और आरोपी को काबू किया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास 212 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

## 15 एकड़ से अधिक जगह में आयोजित होगा सीएम का कार्यक्रम

# पहरावर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां पूरी, सीएम होंगे चीफ गेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शुक्रवार को पहरावर में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। 15 एकड से अधिक जगह को कार्यक्रम के लिए तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्र, प्रदेश स्तर के वरिष्ठ नेता, प्रदेश के सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं विभिन्न संस्थाओं के जनप्रतिनिधि इस आयोजन में भागीदारी करेंगे। आमजन को आवागमन में असुविधा न हो, इसके लिए तीन पार्किंग स्थल तैयार किए गए हैं। अलग-अलग स्थान पर वीआईपी पार्किंग, कार पार्किंग व बस पार्किंग बनाते हुए दो हजार वाहनों के लिए व्यवस्था की गई है। समारोह के लिए चार मंच तैयार किए गए हैं, जिसमें मुख्य मंच मुख्यातिथि व अति विशिष्ट अतिथियों के लिए, दूसरा मंच सन्त-महात्माओं के लिए, तीसरा मंच सामाजिक संगठनों व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए व चौथा मंच कलाकारों के लिए बनाया गया है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समारोह स्थल में आगमन के साथ विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास होगा। जिसके उपरांत मुख्यमंत्री सन्तजनों का सम्मान करते हुए मुख्य मंच पर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने से लोगों में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव में भागीदारी करने का भारी जोश और उत्साह है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले आमजन के लिए प्रसाद व गर्मी व उमस को देखते हुए पीने के पानी की उचित व्यवस्था की गई है। समारोह के दौरान पद्मश्री कलाकार महाबीर गुड्डू, हरियाणवी कलाकार मासूम शर्मा, अमित सैनी रोहतकिया प्रस्तुतियां देंगे। मुख्यमंत्री समारोह स्थल पर जिला के 60 करोड़ रुपये की विभिन्न 8 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास / उद्घाटन करेंगे। जिनमें 50 लाख रुपए से अधिक की धनराशि से निर्मित बसंतपुर से धामड़ गांव तक संपर्क सडक़, 90 लाख रुपए से अधिक की धनराशि से पूर्ण किया गया काहनी से रिवाड़ा वाला रास्ता तथा लघु सचिवालय परिसर में 4 करोड़ 56 लाख रुपए से अधिक की धनराशि से निर्मित ईवीएम भंडार गृह शामिल है। 40 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से गोहाना-लाखनमाजरा-महम-भिवानी (16.0 किलोमीटर से 53.7 किलोमीटर तक) सडक़ का सुदृढ़ीकरण, लगभग 3 करोड़ रुपए की धनराशि से स्थानीय नागरिक अस्पताल में डीईआईसी भवन का निर्माण, एक करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से भैणी सुरजन गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, 4 करोड़ से अधिक की धनराशि से रोहतक में जिला उद्योग केंद्र का निर्माण तथा 6 करोड़ से अधिक की धनराशि से कलानौर अस्पताल में डॉक्टरों व कर्मचारियों के लिए रिहायशी क्वार्टरों के नए भवन का निर्माण शामिल है। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समारोह स्थल पर आपरेशन सिंदूर पर भव्य रंगोली बनाई जाए। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राधिकरण से संबंधित सडक़ की मरम्मत करवाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा से कहा कि समारोह स्थल पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, महम के उपमंडलाधीश दलबीर फौगाट, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, आयुक्त क ओएसडी शुभम, डीएसपी रवि खुंडिया, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल रहे।


रोहतक। राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव का जायजा लेते कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा। फोटो : हरिभूमि

#### सहकारिता मंत्री ने तैयारियों का लिया जायजा

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया है कि सन्त-महापुरूष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत हो रहे इस आयोजन की विशिष्टता सर्व समाज की भागीदारी, सैनिकों व शहीदों के सम्मान को समर्पित होना रहेगा, जिससे समारोह भव्य और ऐतिहासिक होगा। वीरवार बाद दोपहर सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने गौड़ ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी सभा के तीसरे कैम्पस पहरावर पहुंचकर राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।



रोहतक। अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### डीसी ने की रैली की तैयारियों की समीक्षा

डीसी धर्मेंद्र सिंह ने राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों की वीरवार को समीक्षा की। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा व अन्य प्रशासनिक उच्च अधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि विभाग से संबंधित सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। ताकि राज्य स्तरीय समारोह को भव्य बनाया जा सके। प्रशासन द्वारा समारोह स्थल को 10 सेक्टर में विभाजित किया गया है। तथा प्रत्येक सेक्टर के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रत्येक सेक्टर में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वालंटियर तैनात किए जाएंगे। पंडाल में लगभग 300 वॉलंटियर सेवाएं देंगे।


रोहतक। मायना गांव में पौधारोपण करते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

# बीएमयू के एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम उठाते हुए मायना गांव के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचएल वर्मा के मार्गदर्शन तथा 1 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केएस बुधवार एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ के निर्देशन में यह अभियान संचालित किया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम पर कुलपति प्रो. एचएल वर्मा ने कहा कि कैडेट्स को संदेश देते हुए विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी ले। प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वह अपने जीवन के हर खास मौके को एक पौधे के रूप में यादगार बनाए तथा उस पौधे की देखभाल भी नियमित रूप से करे। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने भी पौधारोपण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हम सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि पेड़-पौधों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है, और यदि आने वाली पीढ़्यीं धरती के संसाधनों का लाभ लेना चाहती हैं तो उन्हें पेड़ लगाना और उनका संरक्षण करना बेहद जरूरी है।कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. सुधीर मलिक और विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. अनिल डूडी के नेतृत्व में संपन्न हुई। डॉ. सुधीर मलिक ने बताया कि पौधे जहां वायु को स्वच्छ बनाने में सहायक होते हैं, वहीं वे पक्षियों और वन्य जीवों के लिए भी प्राकृतिक आवास प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि हर छात्र को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि हम ग्लोबल वार्मिंग जैसी वैश्विक समस्याओं से प्रभावी ढंग से निपट सकें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रो. मुकेश सिंगला, डॉ. सोमबीर आर्य, डॉ. राहुल एवं सचिन भी उपस्थित रहे।

#### जीवन में पेड़-पौधों का महत्व बताया

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच पर्यावरणीय चेतना का विकास करना और धरती को हराभरा बनाने के प्रयासों को गति देना था। कुलपति ने कहा कि पेड़ न केवल तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं बल्कि वर्षा की अनुकूलता एवं मौसम संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# शेयर मार्केट में पैसे लगाने के नाम पर 15 लाख की ठगी के 5 आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस की साइबर थाना की टीम ने शेयर मार्केट में रुपये इंवेस्ट करने के नाम पर 15 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी की वारदात में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करके तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है।

साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि चिन्योट कॉलोनी निवासी गंधर्व ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गंधर्व शेयर मार्केट के एक व्हाहटसप ग्रुप जुड गया। जिसमें शेयर मार्केट में ज्यादा रुपयों का फ़ायदा होने बारे मैसेज करते थे। 3 अगस्त 2024 को गंधर्व के पास एक मैसेज आया, जिसमें शेयर मार्केट में आईपीओ ख़रीदने बारे जानकारी दी गई। गंधर्व के व्हाट्सएप पर एक लिंक प्राप्त हुआ जिसमें एप डाउनलोड हो गई। गंधर्व के पास शेयर मार्केट में आईपीओ खरीदने के लिए रुपये ट्रांसफर करने के लिये अलग-अलग बैंक खातों की डिटेल भेजी। गंधर्व को ऐप में शेयर खरीदने के प्रॉफिट व पैसे दिखाई देते थे। जिसमे गंधर्व को रुपये वापिस ट्रांसफ़र भी किए गए। गंधर्व ने उनके अनुसार बताए गए खातों में अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 16 लाख 13 हजार 677 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

#### इन लोगों को किया गया गिरफ्तार

जांच के दौरान 28 मई को आरोपी अरमान निवासी अलीगढ, उतर प्रदेश, मोहन निवासी रायपुर, उतर प्रदेश, हर्षवर्धन निवासी हाल कानपुर नगर, उतर प्रदेश, रोहन निवासी उतर प्रदेश व श्याम निवासी आर्य नगर, बागपत, उतर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह में शामिल रहे दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# अहिल्याबाई होलकर के 300वें जन्मदिवस पर आयोजित मैराथन में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक। समाज सुधार की प्रतीक मां अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में वीरवार को कृपाल नगर में जागरूकता मैराथन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मां अहिल्याबाई द्वारा किए गए समाज सुधार, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधनों के रखरखाव और महिला शिक्षा जैसे कार्यों की जानकारी जनमानस तक पहुंचाना था। यह मैराथन सायं 6 बजे कृपाल नगर की मुख्य गली से आरंभ होकर अंबेडकर चौक पर संपन्न हुई।



आयोजन की मुख्य संयोजक वार्ड नं. 8 की निगम पार्षद अंजू सैनी थीं। मैराथन का शुभारंभ नगर निगम के महापौर राम अवतार वाल्मीकि, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल और भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि समाज को मां अहिल्या के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए जनता से मां अहिल्या के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। महापौर राम अवतार वाल्मीकि ने मां अहिल्याबाई के संघर्षों और जनकल्याण कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र की सेवा में तत्पर रहना चाहिए। इस आयोजन में वार्ड 1 के पार्षद अक्षय, वार्ड 16 की पार्षद मुक्ता नागपाल, वार्ड 15 की पार्षद अनिता मिगलानी, वार्ड 18 के पार्षद पति रोहिल्ला, धर्म सिंह दहिया, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


रोहतक। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉक्टर मारकंडेय आहूजा को स्मृति चिन्ह देते भारत विकास परिषद रोहतक शाखा के सदस्य।

### भाविप रोहतक शाखा ने मनाई वीर सावरकर जयंती

**रोहतक।** भारत विकास परिषद रोहतक शाखा ने बुधवार को शिक्षा भारती विद्यालय रामनगर में वीर सावरकर जयंती के अवसर पर परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। मां भारती एवं वीर सावरकर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर मारकंडेय आहूजा का परिचय गीता गुप्ता ने करवाया। डॉ. ने अपनी ओजस्वी वाणी से, प्रभावशाली शब्दों में वीर सावरकर के जन्म से लेकर अंत तक की घटनाओं का वर्णन उपस्थित सदस्यों के समक्ष किया। इस अवसर पर परिषद परिवार के बच्चों आश्वी, अनायशा एवं अरहम ने देश-भक्ति एवं वीर सावरकर के जीवन से ओतप्रोत बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां दी।

# जजपा व कांग्रेस का प्रदेश में नहीं बचा जनाधार : सुनेना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश महिला प्रभारी सुनेना चौटाला ने कहा कि जजपा व कांग्रेस का प्रदेश में कोई जनाधार नहीं बचा है और ईडी के छापे के डर के मारे पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने प्रदेश की जनता का नुकसान कर भाजपा की सरकार बनाने में साथ दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से हर वर्ग पूरी तरह से परेशान है और प्रत्येक व्यक्ति की जुबान पर यही बात है कि पूर्व सीएम हुड्डा ने ईडी के छापे की डर के कारण ही भाजपा की सरकार बनवाई है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है और इसी के चलते प्रदेश में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से जनाजा निकल चुका है। अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे है और प्रदेश की जनता भय के साय में जीने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रहे नफे सिंह राठी की सरेआम गोलियां मारकर हत्या की गई, लेकिन मुख्य आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे है। इनेलो प्रदेश महिला प्रभारी सुनेना चौटाला वीरवार को रूपया चौक स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि इनेलो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो लोगों की आवाज उठाती है और कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद कैप्टन इन्द्र सिंह, पूर्व विधायक बलवंत मायना, एडवोकेट कृष्ण कौशिक, जिला अध्यक्ष शीला खरैटी, सुनीता नांदल, कमलेश सरपंच, राजो गिझी, सुनहरी प्रजापत आदि रहे।


रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश महिला प्रभारी सुनेना चौटाला।


रोहतक। कार्यकारिणी की बैठक लेते राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह।

### अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन की राज्य कार्यकारिणी की हुई बैठक

**रोहतक।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनर फैडरेशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक कर्मचारी भवन, सुखपुरा चौक में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता राज्य प्रधान मास्टर वजीर सिंह ने की तथा मंच संचालन रतन जिन्दल (महासचिव) ने किया। पैंशनर की मांगों के संदर्भ में चलाए जा रहे आंदोलन के बारे में प्रधान वजीर सिंह, प्रेस सचिव जगपाल सांगवान ने बताया कि 13 मई को चेन्नई में अखिल भारतीय राज्य सरकारी पैंशनपर फैडरेशन की बैठक की गई थी, जिसके फैसले अनुसार आगामी 15 जुलाई को अखिल भारतीय स्तर पर तमाम जिला मुख्यालयों पर विशाल धरने, प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगें। यदि फिर भी सरकार बातचीत द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो 17 सितंबर को जंतर मंतर पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके इलावा दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी फैडरेशनों, अन्य मजदूर संगठनों के आह्वान पर आगामी 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल की जाएगी। बैठक में राज्य कार्यकारिण के पदाधिकारियों के इलावा तमाम जिलों के प्रधान, सचिव ने भाग लिया।

## नाइट मार्च के दौरान कई गतिविधियों का आयोजन

# पठानिया पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया नाइट मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल के कक्षा छठी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने रोमांचकारी नाइट मार्च किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों को विभिन्न टीमों में बांटा गया, जहां उन्होंने एक से बढ़कर एक मनोरंजक खेलों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने पासिंग द बॉल, लेमन रेस, ऐंट रेस, वन लैग रेस, कोन ओवर द बैक रेस, हुला-हूप, हूप बैलेंस रेस, पैराशूट गेम, रस्साकशी और फुटबॉल आदि गतिविधियों का आनंद लिया। खेलों के बाद मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आरंभ हुईं। मंच संचालन लता क्वातरा, सुनीता वर्मा व सीमा रसवंत के दिशा-निर्देशन में काव्या, मिष्का, हिमाक्षी, दिशिता ने किया। कार्यक्रम में गायन, वादन, नृत्य और हास्य-प्रधान लघु नाटिकाओं से समां बांधा। हास्य रस से भरपूर नृत्य और नाटिकाओं ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। रात में विद्यार्थी व शिक्षक टॉर्च हाथ में लेकर नाइट मार्च के लिए रवाना हुए। कच्चे, पक्के और पथरीले रास्तों को पार करते हुए बच्चों ने लगभग 5 किलोमीटर की लंबी पदयात्रा पूरी की। विद्यालय द्वारा आयोजित इस नाइट मार्च का उद्देश्य विद्यार्थियों को साहस, आत्मबल, कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता और समाज व राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देना रहा। विद्यालय निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा कि विषम परिस्थितियों में हमारा आत्मविश्वास ही प्रकाश स्तंभ बनकर हमें मार्ग दिखाता है। इस अवसर पर विद्यालय को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी आदि उपस्थित रहे।


रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में गतिविधियों में भाग लेते विद्यार्थी।


रोहतक। नाइट मार्च के बारे में छात्रों को अवगत कराते शिक्षक।

### महिला वृद्ध आश्रम में लगाया हेल्थ कैंप

**रोहतक।** एमएससी यूनिट द्वारा गुरुवार को श्रीनगर कॉलोनी स्थित महिला वृद्ध आश्रम में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 70 महिलाओं की स्वास्थ्य जांच और उपचार किया गया।

शिविर का शुभारंभ डॉ. उमेश यादव (हड्डी रोग विशेषज्ञ) द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वाति, डॉ. रश्मि भारती (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डेंटल विभाग से डॉ. जागृति और शगुन, मानसिक चिकित्सा विभाग से डॉ. हिमांशु, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति, फिजियोथेरेपी से डॉ. सचिन और संजना, नर्सिंग से आशु तथा एमबीबीएस से पूनम, रितु, परमानंद, नवीन, मुनेंद्र और फार्मेसी से श्वेता व शुभम सहित कई विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### विनायक दामोदर सावरकर की मनाई जयंती

**रोहतक।** विनायक दामोदर सावरकर की जयंती डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा हुडा कांप्लेक्स स्थित माधव कुंज में मनाई गई। अशोक गुप्ता ने बताया कि वह भारत के क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक, समाज सुधारक, इतिहासकार, कवि, और ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी राजनेता थे, उनको दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई जो की 25-25 साल की थी। इनकी उम्र उसे समय 28 साल की थी, हिंदू राष्ट्रवाद की राजनीति विचारधारा हिंदूत्व को विकसित करने का एक बहुत बड़ा श्रेय सावरकर जी को जाता है। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, गणपत राय गोयल, महेश, शंकर गर्ग, सतपाल आदि मौजूद रहे।

### शिविर के फोटो व वीडियो कार्यालय को प्रेषित करें

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि



हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला जेल के अधीक्षक, लखीराम अनाथालय के प्रधानाचार्य तथा विडो सेंटर होम के अधीक्षक से कहा है कि वे 21 जून को अपने परिसरों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर आयोजित करवाए तथा योग शिविर के फोटो व वीडियो उनके कार्यालय को प्रेषित करें।

### सनातन धर्म के कारण ही सूफीज्म ज़िंदा:सिद्धार्थ


**रोहतक।** समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने परमगुरु सूफ़ी बाबा शाह कलंदर के 12वें निर्वाण दिवस पर समर्थगुरु धाम मुरथल के सभी साधकों को शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर समर्थगुरुधाम मुरथल में सूफ़ी दरबार आयोजित किया गया। जिसमें रोहतक समर्थगुरुधारा संघ के कई साधकों ने भाग लिया। ऑनलाइन भी 500 से ज़्यादा साधक देश-विदेश से जुड़े। सूफ़ी बाबा के उर्स दिवस को कलंदर दिवस के रूप में ओशोधारा के साधक हर वर्ष 29 मई को मनाते हैं। समर्थगुरु ने बताया कि सूफ़ी बाबा शाह क़लंदर कई बार कहते थे सनातन धर्म जब तक इस देश में ज़िंदा है तब तक ही सूफ़ीज़म ज़िंदा है। इस अवसर पर केन्द्रीय कोऑर्डिनेटर आचार्य दर्शन, आचार्य कुलदीप, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर सुभाष, डेस्टिनेशन कोऑर्डिनेटर आचार्य गगन, समर्थगुरु सचिव मीराबाई इत्यादि मौजूद रहे।

# अप्रैल-मई की भीषण गर्मी को ले उड़े 11 पश्चिमी विक्षोभ, जून में भी बचे रह सकते हैं भीषण गर्मी से

■ मौसम विज्ञान विभाग ने हरियाणा में तय समय से पहले मानसून पहुंचने का जारी किया है पूर्वानुमान

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

भीषण गर्मी के अब पूरे दो महीने बीत चुके हैं। लेकिन इस बार तपिश में ऐसी भीषणता नहीं हुई कि जिससे जन-जीवन अस्त-व्यस्त होता। आमतौर पर अप्रैल और मई में लू चलती हैं। कई बार तो ऐसा भी होता है कि लू अवधि पंद्रह दिन की हो जाती। लेकिन इस बार अभी तक ऐसा नहीं हुआ। वजह ये रही कि हर चौथे-पांचवें दिन पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां राज्य में हुई। जिससे गर्मी का प्रकोप कम हुआ। बीते दिनों मौसम विज्ञान विभाग ने जो पूर्वानुमान मानसून को लेकर जारी किया है, वह स्टीक हुआ तो अब प्रदेश में लू शायद ही चलें। क्योंकि इस बार मानसून की पहुंच अन्य वर्षों की अपेक्षा कई दिन पहले हरियाणा में हो जाएगी। अगर ऐसा होता है तो जून में भी शायद ही लू चलें। जब जून के अंत में मानसून की आवक होती है तो उससे पहले जून मध्य में प्री मानसून की झमाझम हो जाती है। इस साल मानूसन अन्य वर्षों की अपेक्षा पहले पहुंचेगा तो ये भी हो सकता है कि प्री-मानसून भी पहले ही दस्तक दे। ध्यान ये भी रखें कि अभी जून शुरू होना है, ऐसे में गर्मी की भंयकरता से पूरी तरह इंकार भी नहीं किया जा सकता है।



### इन तारीखों में हुई गतिविधियां

मार्च के अंतिम दिनों में ही ज्यादा गर्मी पड़नी शुरू हो जाती है। लेकिन इस बारा अधिकतम पारा 38 डिग्री सेल्सियस अधिक नहीं गया। अप्रैल में पहला वस्टर्न डिस्ट्रबेंस 3 से 4 तक, दूसरा 9 से 11, तीसरा 16-17 तक एक्टिव रहा। इस दौरान बूंदाबांदी और तेज हवाएं चली। जिससे पारा बढ़ नहीं आया। अप्रैल की बजाय मई में वस्टर्न डिस्ट्रबेंस की संख्या ज्यादा रही। एक महीने में 8 बार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुए। पहला 1 से 3 मई तक, दूसरा 4 को और तीसरा 5,चौथा 6 से 7, पांचवा 10 से 11, छठा 16-17, सातवां 24-25 और आठवां वस्टर्न डिस्ट्रबेंस 27-29 तक एक्टिव रहा।

### 15 दिन ही पारा पहुंचा 40 के पार

जब पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो गर्मी का रौद्र रूप महसूस होता है। अप्रैल-मई के 60 दिनों से केवल 15 दिन ही ऐसे रहे, जब पारा 40 डिग्री सेल्सियस को लांघा हो। मौसम का रुटिन विश्लेषण करने वाली एक्यूवेदर एजेंसी के मुताबिक रोहतक में 17 अप्रैल को 41, 21 को 41, 22 को 41,24 को 41, 25 को 42, 26 को 42 और 27 को 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 40 डिग्री से अधिक तापमान के दिनों की संख्या 7 रही। मई में ये आंकड़ा 8 तक पहुंचा। जबकि मई में अप्रैल की बजाय ज्यादा गर्मी होती है। सात दिनों में 14 मई को 41, 15 को 41, 16 को 43, 17 को 42, 18 को 43, 19 को 41, 20 को 43 और 21 को तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### एक बार गर्मी बरपाएगी कहर

अप्रैल से अभी तक हमें गर्मी की भंयकरता से बचे हुए हैं। हो सकता है कि आने वाले दिनों में ही मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहे। लेकिन जब राज्य में मानसून का प्रवेश हो तो ये आशंका है कि गर्मी हद से ज्यादा हो जाए। जब पारा 45-47 तक डिग्री तक पहुंच जाता है तो गर्मी जानलेवा हो जाती है। इस बार अभी तक पारा वहां तक नहीं पहुंचा और हमें राहत है। आमतौर पर जब मानसून का आगमन होता है तो पारे में बढ़ोतरी होती है। पारा बढ़ेगा तो हवा गर्म होकर हल्की होगी। हल्की हवा ऊपर उठेगी और उसका स्थान नमी वाली हवाएं लेंगी और बरसात करेंगी।

**114% तक बारिश की संभावना:** आईएमडी ने जो फोरकॉस्ट हाल ही के दिनों में जारी किया है, उसके मुताबिक हरियाणा में भी इस बार अच्छी बारिश। राज्य में 114% तक बारिश होने की संभावना जताई गई है। मई में भी प्रदेश में सामान्य से अधिक बारिश हो चुकी है, जिससे खरीफ फसलों को बढ़ावा मिलेगा। मानसून 25 जून के आसपास दस्तक दे सकता है, जो पिछले साल से पहले है।

## निजी बैंक की शाखा संचालित, हादसे की आशंका

# एशिया की सबसे बड़ी क्लॉथ मार्केट में जर्जर बिल्डिंग बनी खतरे का कारण

नगर निगम की ओर से इस बिल्डिंग को कंडम घोषित कर नोटिस जारी किया जा चुका है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





रोहतक। बिल्डिंग की छत से गिरे हुए लैंटर के टुकड़े।

एशिया की सबसे बड़ी कपड़े की थोक मार्केट शौरी मार्केट में स्थित एक निजी बैंक की शाखा जिस बिल्डिंग में संचालित हो रही है, वह पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हैरानी की बात यह है कि नगर निगम की ओर से इस बिल्डिंग को कंडम घोषित कर नोटिस जारी किया जा चुका है, बावजूद इसके बैंक अधिकारी स्थिति को लेकर गंभीर नहीं हैं और टालमटोल की नीति अपनाए हुए हैं। बुधवार को बिल्डिंग की छत से लेंटर के कुछ टुकड़े नीचे गिर गए। गनीमत रही कि उस वक्त वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। बिल्डिंग में प्रतिदिन सैकड़ों ग्राहक आते हैं, जिससे लोगों की जान को हर पल खतरा बना हुआ है।

### 70 साल पहले बनी

बिशन स्वरूप जैन ट्रस्ट के ट्रस्टी दयाचंद जैन ने बताया कि यह बिल्डिंग करीब 70 साल पहले बनाई गई थी और लंबे समय से किराये पर दी जा रही है। वर्तमान में इसमें एक निजी बैंक की शाखा संचालित है। बिल्डिंग की हालत बेहद खराब है और ट्रस्ट द्वारा बैंक प्रबंधन को कई बार इसकी जानकारी दी जा चुकी है।

### पुलिस ने किया निरीक्षण

बिल्डिंग की खराब हालत की सूचना मिलने पर शहर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिल्डिंग का निरीक्षण कर ट्रस्ट पदाधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों से जानकारी जुटाई।

### नोटिस भी बेअसर

नगर निगम ने बिल्डिंग को कंडम घोषित कर नोटिस जारी किया हुआ है, बावजूद इसके बैंक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कपड़ा व्यापारियों – सौरभ, जवाहर और नेहरू ने बताया कि रोजाना हजारों लोगों का इस मार्केट में आना-जाना होता है और यह जर्जर इमारत हर किसी के लिए खतरे का कारण बनी हुई है।

### ट्रस्ट ने दी चेतावनी

दयाचंद जैन ने साफ तौर पर कहा है कि अगर इस जर्जर बिल्डिंग के कारण भविष्य में कोई दुर्घटना होती है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी बैंक की होगी, जिसने बार-बार चेतावनी के बावजूद लापरवाही बरती है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि वे इस मुद्दे को लेकर अपने उच्चाधिकारियों को कई बार लिखित में सूचित कर चुके हैं।




रोहतक। विजेताओं को सम्मानित करते संयोजक अशोक गुप्ता व अन्य सदस्य।

## श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में मनाई महाराणा प्रताप जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा पराक्रम औंर शौर्य की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की जयंती पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 75 विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान यशिका, द्वितीय स्थान श्रेष्ठ, तृतीय स्थान पार्थ का रहा एवं प्रोत्साहन पुरस्कार कशिश और दिया को दिया गया। सीनियर वर्ग में अर्षिता प्रथम, सक्षम द्वितीय, खुशी तृतीया एवं हर्षिता को प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, सर्टिफिकेट एवं प्लास्टिक मुक्त भारत के अंतर्गत कपड़े के थैलो का वितरण किया गया। विद्यालय के निदेशक पीएन मुज्जु ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ज्ञानवर्धन के लिए इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन होना एक सराहनीय कार्य है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समिति के संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, गणपत राय गोयल, विनीता दीवान, ममता सिंह, सविता जून, रेखा, राजेश मौजूद रहे।

## आईबी स्कूल के पूर्व छात्र डॉ. चिराग जैन का पुरस्कार के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ उन्हें राज्यस्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा

■ आईबी स्कूल परिवार ने डॉ. चिराग जैन को शुभकामनाएं भेजी

आईबी विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. चिराग जैन को हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय की ओर से वर्ष 2022, 2023 और 2024 युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें राज्यस्तरीय समारोह में सम्मानित किया जायेगा।

डॉ. चिराग जैन शुरू से ही एक मेधावी छात्र रहे हैं और अपने स्कूली जीवन में सदैव शीर्ष स्थान प्राप्त करते रहे हैं। उन्होंने आईबी विद्यालय से अपनी प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की थी और तब से निरंतर शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है, बल्कि विद्यालय के लिए भी गौरव की बात है। यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करेगा। आईबी विद्यालय परिवार की ओर से डॉ. चिराग जैन को शुभकामनाएं और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।

## जय हिन्द मंच ने स्वदेशी सामान खरीदने के लिए किया प्रेरित



**रोहतक।** जय हिन्द मंच के तत्वावधान में स्वदेशी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन शीला बाइपास स्थित जय हिन्द मंच कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जय हिन्द मंच के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने शिरकत की, जिन्होंने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन गृह मंत्रालय की निदेशक चित्रलेखा शर्मा ने कर शुभारंभ किया। संचालन का दायित्व दिल्ली हाई कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता मधु शर्मा ने निभाया, जबकि अध्यक्षता मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक साहनी ने की। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि हर नागरिक को अपने विवेक से यह तय करना चाहिए कि वह किस देश के उत्पाद को खरीद रहा है। इस अवसर पर जय हिन्द मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश भारद्वाज ने कहा कि भारत-पाकिस्तान युद्ध में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तभी सार्थक होगी जब देश के 146 करोड़ नागरिक स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएंगे और विदेशी सामान, विशेष रूप से चीन निर्मित उत्पादों का बहिष्कार करेंगे।

## रिश्तेदार बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

■ आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया

**रोहतक।** साइबर थाना टीम ने रिश्तेदार बनकर 3 लाख 20 हजार रुपये की हुई ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। साइबर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ओल्ड हाउसिंग बोर्ड रोहतक निवासी सतीश चंद की शिकायत पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 5 मार्च को सतीश के पास कॉल आया, जिसने अपने आप को सतीश के दोस्त सज्जन का रिश्तेदार बताया जो नीदरलैंड में रहता है। युवक ने सतीश को कहा कि वह उसके पास 4 लाख 50 हजार रुपये भेज रहा है और भारत वापिस आने पर वह रुपये वापिस ले लेगा। बाद में आरोपी ने इमरजेंशी बताकर रुपये वापस मांग लिए। सतीश ने उनकी बातो में आकर कुल 3 लाख 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जांच के दौरान 25 मई को आरोपी अभ्यानंद निवासी बिहार को बिहार से गिरफ्तार किया गया है।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20


## डॉ. गौरव दलाल को सूर्य नमस्कार अभियान 2025 में मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित सूर्य नमस्कार परियोजना 2025 के प्रमुख कार्यक्रम में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक को उनके उत्कृष्ट समर्पण और सराहनीय प्रयासों के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय के योग शिक्षक डॉ. गौरव दलाल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचकूला के सेक्टर-5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यह समारोह 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसमें हरियाणा योग आयोग, पंचकूला ने योग महोत्सव का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर आयुष एवं स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा, तथा हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य भी उपस्थित थे।

■ डॉ. गौरव दलाल को सम्मान मिलना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय: कुलपति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह में अपने संबोधन के दौरान भारतीय योग संस्थान और अन्य योग संगठनों के साथ-साथ बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के योगदान की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रांत में योग के प्रचार-प्रसार और विशेषकर सूर्य नमस्कार अभियान 2025 में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। डॉ. गौरव दलाल को यह सम्मान मिलना विवि के लिए गौरव का विषय रहा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने इस अवसर पर डॉ. दलाल को बधाई देते हुए कहा कि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय का उद्देश्य सदैव शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करना रहा है। योग के क्षेत्र में हमारे शिक्षक व छात्र मिलकर समाज को एक नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। डॉ. गौरव दलाल ने सूर्य नमस्कार परियोजना 2025 में जो अद्भुत समर्पण दिखाया, वह पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। यह सम्मान हमारे पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगा। समारोह में मुख्यमंत्री, आयुष मंत्री, सेना एवं पैरामिलिट्री बलों के प्रतिनिधि, विभिन्न योग संस्थाओं के प्रतिनिधि, आयुष योग सहायक और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। हरियाणा योग आयोग के चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोग की मुख्य उपलब्धियों और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हरियाणा योग आयोग ने बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय और उसके योग शिक्षक डॉ. गौरव दलाल के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विवि ऐसे ही उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से समाज को लाभान्वित करता रहेगा।




रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के योग शिक्षक डॉ. गौरव दलाल को सम्मानित करते हुए कुलपति डॉ. एच एल वर्मा। फोटो: हरिभूमि